# PT-2/HALF YEARLY EXAMINATION, 2022-23
## HINDI

Time – 3 Hours | Class – V | M.M. : 80

Date - 14.09.2022 (Wednesday)

Name of the student ______________________ Section ______

नोट-
- प्रश्न-पत्र चार खण्डों में विभाजित है। कृपया उसके अनुसार प्रश्न-पत्र हल करें।
- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
- स्पष्ट एवं सारगर्भित उत्तर अपेक्षित है।

## खण्ड - अ

प्र.1 नीचे लिखे अपठित गद्यांश को पढ़कर उनके आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनिए - (4)

स्वच्छ पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है । वृक्ष पर्यावरण को संतुलित और शुद्ध रखते हैं। ये हमारे द्वारा छोड़ी गई अशुद्ध वायु कार्बन-डाई-ऑक्साइड को ग्रहण करके हमारे लिए शुद्ध वायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। वृक्ष, पुष्प, फल और औषधियों के भंडार हैं। भारतीय संस्कृति में वृक्षों को अत्यन्त पवित्र माना जाता है। हमारे यहाँ पीपल, बरगद, आँवला, तुलसी, आम, केला जैसे अनेक वृक्षों की पूजा की जाती है। वृक्षों के महत्व को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने 'वन-महोत्सव' का कार्यक्रम आरंभ किया जो प्रतिवर्ष जुलाई मास में मनाया जाता है।

क) वृक्ष किसके भंडार हैं ?

अ) जीवन के    ब) पानी के

स) पुष्प, फूल और औषधियों के    द) ज्ञान के

ख) भारतीय संस्कृति में पेड़ को माना गया है -

अ) शक्तिवान    ब) ज्ञानवान    स) दयावान    द) अत्यन्त पवित्र

ग) 'पेड़' शब्द का समानार्थक शब्द है -

अ) वृक्ष    ब) कमल    स) अग्नि    द) पवित्र

घ) 'वन महोत्सव' मनाया जाता है -

अ) जून में    ब) जुलाई में    स) अगस्त में    द) सितंबर में

प्र.2 नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें । (4)

देखकर बाधा विविध, बहु विघ्न घबराते नहीं ।
रह भरोसे भाग्य के, दुख भोग पछताते नहीं ।
काम कितना ही कठिन हो, किन्तु उकताते नहीं ।
भीड़ में चंचल बने जो, वीर दिखलाते नहीं ।
हो गए एक आन में, उनके बुरे दिन भी भले ।

सब जगह सब काल में, वे ही मिले फूले-फले ।

आज करना है जिसे, करते उसे हैं आज ही ।

सोचते कहते हैं जो कुछ कर दिखाते हैं वही ।

क) विघ्नों और बाधाओं को देखकर मनुष्य को ..............................

अ) घबराना नहीं चाहिए    ब) रोना चाहिए

स) घबराकर रुक जाना चाहिए    द) शांत बैठना चाहिए

ख) मनुष्य को कब काम करना चाहिए ?

अ) आज का काम कल    ब) सोचकर कल

स) आज का काम आज    द) इंतजार करना चाहिए

ग) 'वीर' शब्द का विलोम शब्द है -

अ) कायर    ब) बहादुर    स) हिम्मती    द) बलशाली

घ) वीर पुरुष काम कठिन होने पर-

अ) उकताते हैं    ब) उकताते नहीं हैं    स) डर जाते हैं    द) थक जाते हैं

## खण्ड - ब

प्र.3 एक शब्द में उत्तर दीजिए - (2)

क) तिब्बत के बत्तीसवें राजा कौन थे ?

ख) कुमाऊँ में मकर संक्रांति को क्या कहते हैं ?

प्र.4 सही कथन पर सही (✓) एवं गलत कथन पर गलत (×) का निशान लगाइए । (2)

क) लोनपोगार ने अपने बेटे को दो सौ भेंड़े दीं ।

ख) आदिवासी प्रकृति की पूजा करते हैं ।

प्र.5 किसने-किससे कहा ? (2)

''माशा अल्लाह ! ये घंटियाँ कितनी सुन्दर हैं। तुमने खुद बनाई हैं ?''

प्र.6 किसने क्या खरीदा, एक शब्द में लिखिए - (2)

क) मन्नू ने - ........................

ख) मोहन ने - ........................

प्र.7 सही मिलान करें - (2)

| | अ | ब |
|---|---|---|
| क) | मलमली | कशीदाकारी |
| ख) | सुनहरे-रुपहले | छब्बीस साल |
| ग) | काठियावाड़ी | धोती |
| घ) | इला | बेल-बूटे |

प्र.8 हमारे संविधान में ........................... भाषाओं को मान्यता प्राप्त है । (22 / 23) (1)

प्र.9 'घोटक' का तद्भव शब्द लिखिए । (1)

प्र.10 सही स्थान पर अनुस्वार ( ं ) या अनुनासिक ( ँ ) लगाकर शब्द को पुनः लिखिए । (1)

क) धुआ ख) पजा

प्र.11 संज्ञा के चार भेद होते हैं । (सही / गलत) (1)

प्र.12 सदा स्त्रीलिंग में रहने वाले दो शब्द लिखिए । (2)

प्र.13 रेखांकित शब्द का विलोम शब्द रिक्त स्थान में भरिए - (2)

क) सूर्य पूर्व दिशा में उदित होता है और पश्चिम दिशा में .................... होता है।

ख) अंकित के पिता धनवान हैं, जबकि पंकज के पिता ........................... हैं।

प्र.14 रेखांकित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए - (4)

क) हमें धरती पर पेड़ लगाने चाहिए ।

ख) नदी के किनारे लोग बैठे हैं ।

## खण्ड - स

प्र.15 निर्देशानुसार हल कीजिए -

क) संयुक्त और द्वित्व व्यंजन वाले शब्द छाँटकर अलग-अलग स्थान पर लिखिए - (3)

(सज्जन, संज्ञा, लट्टू, कक्ष, अन्न, सत्रह)

अ) संयुक्त व्यंजन - ............................. ............................. .............................

ब) द्वित्व व्यंजन - ............................. ............................. .............................

ख) निम्नलिखित शब्दों को मिलाकर यौगिक शब्द बनाइए - (3)

अ) पुस्तक + आलय - ..................................

ब) देश + भक्ति - ..................................

स) राष्ट्र + पति - ..................................

ग) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद के नाम लिखिए - (3)

अ) सचिन तेंदुलकर प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं।

ब) पेड़ पर पक्षी बैठे हैं ।

स) दिवाली खुशियाँ लाती है।

घ) नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदल कर वाक्य पुनः लिखिए - (3)

अ) पेड़ के नीचे गाय बैठी है।

ब) चाचा जी को किताब पढ़ना पसंद है।

स) कटोरा भर गया ।

ड.) 'राख की रस्सी' पाठ के आधार पर तुम लड़की को 'समझदार' कहोगे या 'बुद्धिमान' ? क्यों ? (3)

च) नीचे दिए गए श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए - (4)

क) कपट - कपाट ब) पीता - पिता

प्र.16 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (कोई चार) (4x4=16)

क) बाहर देखने से समय का अंदाज़ा क्यों नहीं हो पा रहा था ? जिनके पास घड़ी नहीं होती वे समय का अनुमान किस तरह से लगाते हैं ?

ख) 'खिलौनेवाला' पाठ के आधार पर बताइए कि तुम्हें रामचन्द्र जी की कौन-सी बातें अच्छी लगीं ?

ग) नीचे लिखी पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए -

अ) "तपसी यज्ञ करेंगे, असुरों को मैं मार भगाऊँगा ।"

ब) "तुम कह दोगी वन जाने को हँसते-हँसते जाऊँगा ।"

घ) इला की कशीदाकारी में खास बात क्या थी ?

ड.) "जहाँ चाह वहाँ राह" पाठ से मिलने वाली कोई चार शिक्षा लिखिए ।

च) अकबर को पहरेदार की दखलंदाज़ी अच्छी क्यों नहीं लगी ?

## खण्ड - द

प्र.17 काव्यपाठ प्रतियोगिता में प्रथम आने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए । (5)

**अथवा**

वृक्षारोपण हेतु पाँच आम और पाँच जामुन के बीजांकुर पौधे लेने हेतु वन अधिकारी को पत्र लिखिए ।

प्र.18 किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए - (5)

क) सत्संगति का प्रभाव

ख) विद्यालय में गणवेश का महत्व

ग) सुनहरा भारत

प्र.19 दिए गए चित्र को देखकर 30 से 40 शब्दों में उसका वर्णन कीजिए । (5)

